**Regarding the three language formula issue in NEP**

**डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) :** धन्यवाद सभापति महोदया । डीएमके पार्टी केवल भावना भड़काने का काम कर रही है । ? (व्यवधान) मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूं कि तमिल सबसे पुरानी भाषा है, लेकिन संस्कृत उससे भी ज्यादा पुरानी भाषा है और पूरे देश भर में किसी भी मंदिर में चले जाइए, चाहे तमिल, तेलुगु, कन्नड़ मंदिर में जाइए तो सभी जगह संस्कृत में ही पूजा होती है । ? (व्यवधान) चुनाव हारने के डर से ये न्यू एजुकेशन पॉलिसी का विरोध कर रहे हैं । चुनाव हारने के डर से ये डीलिमिटेशन का विरोध कर रहे हैं । वर्ष 1973 में कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में सीटें बढ़ायीं, वेस्ट बंगाल में सीटें बढ़ायीं, लेकिन उसने तमिलनाडु में सीट नहीं बढ़ायी । ? (व्यवधान) इसके बावजूद भी डीएमके कांग्रेस के साथ सरकार चला रही है । इसके बाद भी डीएमके न्यू एजुकेशन पॉलिसी का विरोध कर रही है । वह तमिल, तेलुगु, मैथिली, संथाली और कन्नड़ का विरोध कर रही है । ये देश के ताने-बाने को तोड़ना चाहती है । ? (व्यवधान) अंग्रेजों की अंग्रेजी को लागू करना चाहती है और वह यह केवल चुनाव जीतने के लिए कर रही है । ये लोग लोगों की भावना भड़का रहे हैं ।? (व्यवधान)